आकाशवाणी शिमला

22.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रधानमंत्री–गोयल लेख

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले 12 वर्ष में हुए बदलावों से शासन और प्रशासन में जनता का विश्वास मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाखों नागरिकों का जीवन अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और गरिमामय बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री ने वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा लिखित एक लेख को साझा करते हुए कहा कि जनता का विश्वास सुशासन की सबसे बड़ी पूंजी है।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश के सभी क्षेत्रों के संतुलित व समान विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आज शिमला में उनसे मिलने आए सराज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि एक सौ 37 करोड़ रूपए की लागत से चैलचौक–जंजैहली सड़क को सुदृढ़ किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 83 किलोमीटर लंबी इस सड़क परियोजना को सी.आर.आई.एफ. के तहत मंजूरी मिली है और इसके पूरा होने से क्षेत्र आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों से मुख्यमंत्री को अवगत करवाया।

सुरेश कश्यप

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने हिमाचल को बरसात के नुकसान के लिए भरपूर सहायता दी है और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 94 हज़ार से ज़्यादा मकान स्वीकृत किए हैं। वे आज शिमला में ज़िला विकास समन्वय व निगरानी समिति दिशा की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समय पर कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं भेज रही है और उसी के आधार पर केन्द्र द्वारा फंड जारी किया जाता है। इस दौरान सुरेश कश्यप ने केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की और मनरेगा व एम.पी. लैड के लंबित कार्यों को एक सप्ताह में पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। सुरेश कश्यप ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने के बाद बिजली बिल में बढ़ोत्तरी या गड़बड़ी संबंधी कुछेक मामले सामने आए हैं, जिनका निपटारा कर दिया गया है।

आधार ऐप–रिकॉर्ड

इस वर्ष जनवरी में आधार ऐप शुरू होने के बाद तीन करोड दस लाख से अधिक लोगों ने इसे डाउनलोड किया है। इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया है कि इस ऐप के बढ़ते इस्तेमाल से पता चलता है कि सेवाओं का लाभ शीघ्र उठाने में इसके प्रति लोगों का भरोसा बढ़ा है। इसका उपयोग करके करीब चालीस लाख लोगों ने अपने मोबाइल नम्बर अपडेट किये हैं और करीब साढे आठ लाख लोगों ने अपना पता अपडेट करने के लिए इस ऐप का इस्तेमाल किया है। ऐप के जरिये एक ही क्लिक में लॉक या अनलॉक करना, उपस्थिति के साक्ष्य के लिए चेहरा प्रमाणित करना, क्यूआर– बेस्ड परिचय–पत्र और विजिटिंग कार्ड जैसी सेवाएं प्राप्त की जा रही हैं।

विकसित वाइब्रेंट विलेज

विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के दूसरे चरण के तहत देश के विभिन्न हिस्सों से चयनित युवा इन दिनों लाहौल स्पीति जिला के सीमावर्ती गांव के भ्रमण पर पहुंचे हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना और युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है।

ज्ञापन

शिमला शहर के प्रतिबंधित मार्गों पर रहने वाले लोगों की समस्याओं को लेकर भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज सांसद सुरेश कश्यप को एक ज्ञापन सौंपा। भाजपा नेता कर्ण नंदा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जाखू, यू.एस.क्लब., बैनमोर और कनलोग क्षेत्र के सैंकड़ों परिवारों को वाहन परमिट से राहत दिलाने की मांग की।

……………………………